# Daily Current Affairs

Date : 06 August, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित पर डाक टिकट जारी |
| 2. | आयुर्वेद में पहली बार प्लास्टिनेशन तकनीक का उपयोग |
| 3. | राजस्थान विधान सभा में युवा संसद का चतुर्थ संस्करण |
| 4. | राजस्थान पर्यटन विभाग को TTF उत्कृष्टता पुरस्कार |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. स्तनपान सप्ताह – 2025<br>2. मुकंदरा टाइगर रिज़र्व पर फिल्म<br>3. श्रावण कुंभ महोत्सव - सलूम्बर<br>4. रचना जिंदल<br>5. दिलीप सिंह शेखावत<br>6. 'द पब्लिक'स प्रेसीडेंट' |
| 6. | MS स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन |
| 7. | कर्त्तव्य भवन-3 का उद्घाटन |
| 8. | महामारी निधि परियोजना |
| 9. | 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी, 2025 |
| 10. | इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स, 2024 (IEMI) |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 11. | इसरो का HOPE मिशन |
| 12. | अग्निशोध अनुसंधान प्रकोष्ठ : IIT मद्रास |
| 13. | पैन अमेरिकन हॉकी कप, 2025 |
| 14. | हिरोशिमा दिवस |
| 15. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. विश्व का पहला इलेक्ट्रिक कार्गो विमान<br>2. विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र<br>3. देश की पहली लड़कियों की फीफा टैलेंट अकादमी<br>4. अंडरवॉटर वाइब्रेशन सेंसर<br>5. वेदिका भंसाली |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित पर डाक टिकट जारी




### चर्चा में क्यों?

- 02 अगस्त, 2025 को भारतीय डाक विभाग द्वारा मुंबई में राजस्थान के राज्यपाल हरि भाऊ बागड़े की उपस्थिति में भारत के स्वतंत्रता सेनानी पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित पर डाक टिकट जारी किया गया।

### मुख्य बिंदु :

- मूल रूप से राजस्थान के बसंत गाँव (पाली) निवासी पुरुषोत्तमदास एच. पुरोहित ने वर्ष 1931 में मुंबई जाकर व्यवसाय प्रारम्भ किया।
- इसी दौरान वे भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और समाजसेवा से जुड़े।
- स्वतंत्रता आंदोलन में पुरुषोत्तमदास पुरोहित ने आजाद हिन्द फौज को भी सहयोग प्रदान किया। इस कार्य हेतु वे लगातार चार वर्षों तक विदेश में रहे।
- स्वतंत्रता सेनानी पुरुषोत्तमदास ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का सहयोग करते हुए देश को स्वतंत्र करवाने में अमूल्य योगदान दिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आयुर्वेद में पहली बार प्लास्टिनेशन तकनीक का उपयोग

➲ **चर्चा में क्यों?**



- **हाल ही में, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के एनाटॉमी विभाग में आयुर्वेद डॉक्टरों ने प्लास्टिनेशन तकनीक से दिमाग, लंग्स जैसे कई ऑर्गन तैयार किए हैं।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **प्लास्टिनेशन तकनीक : वर्ष 1977 में डॉ. गुंथर वॉन हैगेन्स द्वारा आविष्कृत, प्लास्टिनेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसका उपयोग मानव शरीर को संरक्षित करने के लिए किया जाता है, जिसमें छह मानक चरण होते हैं। प्लास्टिनेशन युक्त मानव शरीर को बिना दस्ताने के आसानी से और सुरक्षित रूप से छुआ जा सकता है, इसमें किसी भी मृत शरीर या फॉर्मल्डिहाइड की गंध नहीं होती।**
- **प्लास्टिनेशन, जिसे फोर्स्ड पॉलिमर इंप्रेगनेशन भी कहा जाता है, ऊतकों, पूरे शरीर या शरीर के अंगों के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए एक आदर्श विधि है।**
- **प्लास्टिनेशन में उपयोग किए जाने वाले मुख्य रसायनों में एसीटोन, सिलिकॉन और मेथिलीन क्लोराइड शामिल हैं।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **इस तकनीक का उपयोग भविष्य के आयुर्वेद डॉक्टरों के लिए फायदेमंद होगा, क्योंकि यह उन्हें शरीर की संरचना को बेहतर तरीके से समझने में मदद करेगा।**
- **प्लास्टिनेशन तकनीक से तैयार किए गए ऑर्गन म्यूजियम और लैब में वर्षों तक संरक्षित रह सकते हैं।**
- **देश का पहला सरकारी आयुष संस्थान : राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर इस तकनीक को अपनाने वाला देश का पहला सरकारी आयुष संस्थान है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान विधान सभा में युवा संसद का चतुर्थ संस्करण



## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में राजस्थान विधान सभा में युवा संसद का आयोजन किया गया।

## मुख्य बिंदु :

- **संस्करण :** चतुर्थ संस्करण।
- **शुभारंभ :** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा।
- **प्रतिभागी :** 168 युवाओं ने देश की सुरक्षा से संबंधित अन्तरराष्ट्रीय मुद्दों पर तथ्यों के साथ संवाद किया।
- इस युवा संसद में देश के दस राज्यों ; राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखण्ड, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गोवा, कर्नाटक, गुजरात और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों; जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ व नई दिल्ली के 55 विद्यालयों के कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के चयनित 168 युवा छात्र-छात्राओं ने आतंकवाद से लड़ने और पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) को भारत में विलय करवाने के प्रयासों पर संवाद किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान पर्यटन विभाग को TTF उत्कृष्टता पुरस्कार

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **हाल ही में, गुजरात के गाँधीनगर में ट्रेवल एंड टूरिज्म फेस्टिवल (TTF) के दौरान राजस्थान पर्यटन विभाग को TTF उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **श्रेणी : राजस्थान पर्यटन को TTF में डिजाइन एवं सजावट पुरस्कार के लिए विजेता घोषित किया गया।**
- **भारत के सबसे बड़े ट्रैवल शो नेटवर्क द्वारा गाँधीनगर (गुजरात) में गाँधी एक्सहिबिशन और कन्वेंशन सेंटर में 31 जुलाई से 2 अगस्त, 2025 तक ट्रेवल एंड टूरिज्म फेस्टिवल (TTF) का आयोजन किया गया।**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- **उल्लेखनीय है कि राजस्थान पर्यटन विभाग को नई दिल्ली में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन एवं ट्रैवल पुरस्कार समारोह में 'सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक गंतव्य' अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।**
- **पर्यटन पत्रिका ट्रैवल एंड लीजर द्वारा आयोजित 2025 रीडर्स सर्वे में जयपुर को विश्व के शीर्ष 10 सर्वश्रेष्ठ शहरों में 5वाँ स्थान प्राप्त हुआ।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:


- राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 1955 में राज्य पर्यटन निदेशालय तथा वर्ष 1978 में राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (RTDC) की स्थापना की गई।

### राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RTUP) – 2024

- **लॉन्च :** 4 दिसम्बर, 2024
- **उद्देश्य :** राजस्थान पर्यटन से जुड़े निवेशकों एवं उद्यमियों को देय लाभों में वृद्धि करने तथा निजी क्षेत्र में नई पर्यटन इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर इसके माध्यम से रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना।
- यह नीति हेरिटेज होटलों और संपत्तियों के लिए छूट प्रदान करने, निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विरासत संपत्तियों का लाभ उठाने पर मुख्य रूप से जोर देती है।
- इसके अतिरिक्त, पर्यटन नीति में होटल, रेस्तरां और अन्य पर्यटन-संबंधित प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए लाइसेंस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>स्तनपान सप्ताह – 2025<br><br>♦ राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल मृत्युदर को कम करने, पोषण में सुधार व शिशु के विकास को बढाने तथा मां के दूध के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 1 से 7 अगस्त, 2025 तक ‘स्तनपान सप्ताह’ का आयोजन किया गया।<br>♦ वर्ष 2025 की थीम : "प्रायोरिटाइज ब्रेस्टफीडिंग: क्रिएट सस्टेनेबल सपोर्ट सिस्टम्स"।<br>♦ इनोसेंटी घोषणा की स्मृति में प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है।</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>मुकंदरा टाइगर रिज़र्व पर फिल्म<br><br>♦ राजस्थान सरकार प्रोफेशनल वाइल्ड लाइफर के निर्देशन में मुकंदरा टाइगर रिज़र्व पर फिल्म बना रही है।<br>♦ टाइगर रिजर्व में स्थित ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल : रांवठा महल, अबली मीणी महल, शिकारगाह, भीमचोरी, किशोर सागर, गागरोन, अमजार पैलेस आदि।<br>♦ अन्य स्थलों में गराड़िया, गैपरनाथ, सेल्जर के झरने, जवाहर सागर व कोटा डेम शामिल हैं।</td></tr>
</table>



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.**

## श्रावण कुंभ महोत्सव - सलूम्बर




- हाल ही में, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सलूम्बर जिले के केनर ग्राम स्थित धौलागढ़ धाम में 45 दिवसीय श्रावण कुंभ महोत्सव में भाग लिया।

**4.**

## रचना जिंदल



- हाल ही में, भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) ने रचना जिंदल को उत्तरी क्षेत्र का नया क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की।
- रचना जिंदल चंडीगढ़ स्थित CII उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय में कार्यरत रहेंगी और दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख सहित प्रमुख राज्यों में CII के संचालन की देख-रेख करेंगी।

**5.**


## दिलीप सिंह शेखावत

- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत को आगामी एशियाई फुटबॉल चैंपियनशिप अंडर-20 महिला एशिया कप, 2026 क्वालीफायर के लिए भारत की अंडर-20 टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधिमंडल का प्रमुख नियुक्त किया है।
- इस टूर्नामेंट का आयोजन 4 से 11 अगस्त, 2025 तक म्यांमार के यंगून में किया जाएगा।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**6.** **'द पब्लिक'स प्रेसीडेंट'**




- **हाल ही में, नई दिल्ली में जयपुर के जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थी आदर्श त्रिपाठी (निवासी – उड़ीसा) द्वारा लिखित पुस्तक 'द पब्लिक'स प्रेसीडेंट' का विमोचन किया गया।**
- **यह पुस्तक देश की 15वीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राष्ट्रपति पद से संबंधित है।**
- **विमोचन : नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और कटक से सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## MS स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **7 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री नई दिल्ली में MS स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **आयोजन : 7 से 9 अगस्त, 2025 तक नई दिल्ली में।**
- **आयोजक : MS स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF) द्वारा।**
- **सहयोग : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) और राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (NAAS) द्वारा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विषय :** "एवरग्रीन रेवोल्यूशन – द पाथवे टू बायो हैप्पीनेस" विषय पर आधारित हैं।
- इस सम्मेलन में भारत को खाद्यान्न अधिशेष राष्ट्र बनाने वाले अग्रणी कृषि वैज्ञानिक प्रो. MS स्वामीनाथन के सतत एवं समतामूलक विकास में आजीवन योगदान को सम्मानित किया जाएगा।
- **मुख्य फोकस क्षेत्र :** जैव विविधता का संरक्षण, जलवायु-अनुकूल और पोषण-संवेदनशील कृषि, प्रौद्योगिकी-संचालित आजीविका समाधान, और विकासशील युवाओं, महिलाओं और समुदायों को सशक्त बनाना आदि शामिल हैं।
- उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री, MS स्वामीनाथन के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे।
- यह सम्मेलन वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं, विकास पेशेवरों और हितधारकों के लिए सदाबहार क्रांति (ओवर ग्रीन रिवॉल्यूशन) के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श करने हेतु एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करेगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**MS स्वामीनाथन:**

- **उपनाम :** फादर ऑफ द ग्रीन रिवॉल्यूशन, फादर ऑफ इकोनॉमिक इकोलॉजी (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा), भारत में हरित क्रांति का मुख्य वास्तुकार।
- **जन्म :** 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु में।
- **निधन :** 28 सितंबर, 2023 को 98 वर्ष की उम्र में M.S. स्वामीनाथन का निधन हो गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### योगदान व सुशोभित पद :

- वर्ष 1972 से 1979 के मध्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के महानिदेशक
- भारत के राष्ट्रीय पादप, पशु और मछली आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का गठन किया।
- वर्ष 1979 में भारत सरकार के कृषि मंत्रालय का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया।
- वर्ष 1981 से 85 तक खाद्य और कृषि संगठन (FAO के अध्यक्ष।
- वर्ष 1984 से 90 तक प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUCN) के अध्यक्ष।
- वर्ष 1988 से 96 तक  वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर-इंडिया के अध्यक्ष।
- **राष्ट्रीय किसान आयोग (NCF) के अध्यक्ष :** भारत में किसानों की आत्महत्या के मुद्दे के समाधान हेतु वर्ष 2004 में गठित।
- नवंबर 1964 में, दिल्ली के जौंती गाँव के किसानों ने सोनोरा 64 और लेरमा रोजो 64A गेहूँ लगाकर हरित क्रांति की शुरुआत की ।

### प्रमुख पुरस्कार :

- रेमन मैग्सेसे पुरस्कार, पहला विश्व खाद्य पुरस्कार ( वर्ष 1987), टाइलर पुरस्कार (वर्ष 1991), होंडा पुरस्कार (पर्यावरण तकनीक के लिए जापान द्वारा), हेनरी शॉ पदक (अमरीका), महात्मा गाँधी स्वर्ण पदक (यूनेस्को)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत सरकार ने M. S. स्वामीनाथन को 'पद्मश्री' (1967), 'पद्मभूषण' (1972), 'पद्मविभूषण' (1989) और भारतरत्न (9 फरवरी, 2024) से सम्मानित किया था।

प्रमुख पुस्तके :

- Science and Sustainable Food Security
- I predict a century of hope towards an era of harmony with nature and freedom from hunger
- 50 Years of Green Revolution: An Anthology of Research Papers
- Groves of beauty and plenty : an atlas of major flowering trees in India


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कर्त्तव्य भवन-3 का उद्घाटन

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **6 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत् नई दिल्ली के कर्त्तव्य पथ पर निर्मित साझा केंद्रीय सचिवालय भवन 'कर्त्तव्य भवन-3' का उद्घाटन किया।**



## ➲ मुख्य बिंदु :

- **यह कई आगामी कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरियट भवनों में से पहला है जिसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और चुस्त शासन को सक्षम बनाना है।**

- **लगभग 1.5 लाख वर्ग मीटर का एक आधुनिक कार्यालय परिसर होगा जो दो बेसमेंट और सात मंजिलों में फैला हैं। इसमें गृह, विदेश, ग्रामीण विकास, MSME, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DOPT), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख मंत्रालयों और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार और इंटेलिजेंस ब्यूरो के कार्यालय हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- नए भवन में आधुनिक शासन ढाँचे के तहत् सुरक्षित कार्यस्थल, ID कार्ड-आधारित प्रवेश नियंत्रण, एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और एक केंद्रीकृत कमांड सिस्टम शामिल हैं।
- यह डबल-ग्लेज़्ड अग्रभाग, रूफटॉप सोलर, सोलर वॉटर हीटिंग, उन्नत हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग सिस्टम, और वर्षा जल संचयन के साथ स्थिरता को भी बढ़ावा देगा।
- यह सुविधा शून्य-निर्वहन अपशिष्ट प्रबंधन, आंतरिक ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण, ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन और पुनर्चक्रित निर्माण सामग्री के व्यापक उपयोग के माध्यम से पर्यावरण-जागरूकता को बढ़ावा देगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना :**

- **लॉन्च :** वर्ष 2019
- **मंत्रालय :** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय।
- **उद्देश्य :** भारत सरकार के विभिन्न संस्थानों हेतु नई सुविधाओं का निर्माण करके प्रशासनिक बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना।
- **पुनर्विकास कार्य :** नए संसद भवन का निर्माण, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के लिए नए आवास और कार्यालय, एक सामान्य केंद्रीय सचिवालय, एक केंद्रीय सम्मेलन केंद्र, सेंट्रल विस्टा एवेन्यू का नवीनीकरण, पुरानी संरचनाओं को संग्रहालयों में परिवर्तित करन, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र, राष्ट्रीय संग्रहालय, विज्ञान भवन में संरचनात्मक परिवर्तन आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महामारी निधि परियोजना

## ➲ चर्चा में क्यों?

- 5 अगस्त, 2025 को लोकसभा में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री द्वारा महामारी निधि परियोजना की जानकारी साझा की।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- इस पहल का उद्देश्य लोगों में पालतू और वन्य दोनों प्रकार के पशुओं से उत्पन्न होने वाले रोगाणुओं के फैलने के जोखिम को कम करना है।
- पशुपालन एवं डेयरी विभाग को 25 अक्टूबर, 2024 को शुरू की गई "महामारी की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए भारत में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण" के नाम से G20 महामारी निधि परियोजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त हुआ है।
- इस परियोजना को G20 महामारी कोष से 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्राप्त हुआ है, जिसे तीन कार्यान्वयन संस्थाओं एशियाई विकास बैंक, खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व बैंक को आवंटित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी, 2025

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **5 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रीय कला अकादमी, ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (NEA) का उद्घाटन किया गया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **पहली बार राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शनी (NEA) में पुरस्कृत कलाकृतियाँ बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिससे सांस्कृतिक मानचित्रण और कलात्मक आजीविका को बढ़ावा मिलेगा।**
- **इस अवसर पर 20 ललित कला अकादमी पुरस्कार विजेताओं को भी सम्मानित किया गया, जिनमें वरिष्ठ कलाकार श्री कृष्ण खन्ना, श्री राम वी. सुतार और श्रीमती इरा चौधरी को भारतीय कला और संस्कृति में उनके अद्वितीय आजीवन योगदान के लिए सम्मानित किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह भारत सरकार के राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण मिशन के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश भर में कलात्मक प्रतिभाओं की पहचान, समर्थन और उन्हें बनाए रखना है।
- इस वर्ष की NEA में 283 कलाकृतियों का एक चयनित संग्रह है, जिन्हें एक द्वि-स्तरीय जूरी प्रक्रिया के माध्यम से पूरे भारत से प्राप्त 5,900 से अधिक प्रस्तुतियों में से चुना गया है। प्रदर्शन के माध्यम चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन, फोटोग्राफी और अन्य कलाओं में भारतीय कलात्मक अभिव्यक्ति की विविधता और गहराई को प्रदर्शित करते हैं।

**समारोह के दौरान दो प्रमुख प्रकाशनों का अनावरण किया गया :**

- 64वीं NEA प्रदर्शनी सूची, जिसमें विशेष कृतियों और कलाकारों का विवरण है।
- "प्रिंटमेकर फॉर ऑल सीजन्स" पुस्तक (पद्मश्री श्याम शर्मा)
- 64वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी 6 अगस्त से 15 सितंबर, 2025 तक प्रतिदिन जनता के लिए खुली रहेगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**ललित कला अकादमी :**

- ललित कला अकादमी, राष्ट्रीय कला अकादमी, नई दिल्ली की स्थापना भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 1954 को एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी।
- अकादमी को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत् वर्ष 1957 में वैधानिक अधिकार दिया गया था।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स, 2024 (IEMI)

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **4 अगस्त, 2025 को नीति आयोग ने भारत ने राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की EV को ओर परिवर्तन की प्रगति पर निरीक्षण हेतु इंडिया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स, 2024 को लॉन्च किया।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **सूचकांक का आधिकारिक शुभारंभ नीति आयोग सदस्य राजीव गौबा द्वारा किया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### सूचकांक के मुख्य तीन विषय :

- बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए परिवहन में इलेक्ट्रीकरण में हुई प्रगति।
- चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए विकास को ट्रैक करने के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी।
- EV अनुसंधान व नवाचार की स्थिति, जिसमें आपूर्ति का पारिस्थितिकी तंत्र और अनुसंधान व विकास पर किए गए प्रयास शामिल हैं।
- **संकेतक :** 16 संकेतकों के आधार पर सभी भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ट्रैक करता हैं।
- परिवहन क्षेत्र में उत्सर्जन को कम करने और वर्ष 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की भारत की महत्वाकांक्षा में राज्य भूमिका केंद्रीय में हैं।
- यह सूचकांक भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी विजन को प्राप्त करने में राज्य स्तरीय समन्वय, एकीकृत योजना और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग के महत्त्व  को रेखांकित करता है।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 :

- **आयोजन :** 17 से 22 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली और ग्रेटर नोएडा में किया गया।
- **उद्देश्य :** संपूर्ण मोबिलिटी मूल्य श्रृंखला को एकीकृत करना।
- **विशेषताएँ :** नवीनतम इलेक्ट्रिक मॉडल पेश किए, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, बैटरी तकनीक और स्वायत्त वाहन तकनीकों प्रदर्शन किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## इसरो का HOPE मिशन

### चर्चा में क्यों?

- **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने हिमालयन आउटपोस्ट फॉर प्लैनेटरी एक्सप्लोरेशन (HOPE) मिशन लॉन्च किया है, जो लद्दाख की त्सो कार घाटी में 1 से 10 अगस्त, 2025 तक चलने वाला एक महत्त्वपूर्ण एनालॉग सिमुलेशन है।**




### मुख्य बिंदु :

- **यह मिशन भविष्य के मानव अंतरिक्ष उड़ान और अंतरग्रहीय अन्वेषण, जिसमें चंद्रमा और मंगल ग्रह के मिशन शामिल हैं।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **HOPE को पृथ्वी के सबसे मंगल जैसे वातावरणों में से एक में स्थापित किया गया है - समुद्र तल से 4,530 मीटर ऊपर एक उच्च-ऊँचाई वाला ठंडा रेगिस्तान, जिसकी विशेषता अत्यधिक ठंड, कम वायुदाब, उच्च पराबैंगनी विकिरण और खारे पर्माफ्रॉस्ट हैं।**

- **HOPE आवास में दो परस्पर जुड़े हुए मॉड्यूल हैं: चालक दल के लिए 8 मीटर चौड़ा रहने का स्थान और आवश्यक उपकरणों और प्रणालियों को रखने वाला 5 मीटर का उपयोगिता इकाई।**

- **आईआईटी बॉम्बे, आईआईटी हैदराबाद, आईआईएसटी त्रिवेंद्रम, आरजीसीबी त्रिवेंद्रम और इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन सहित प्रमुख भारतीय संस्थानों के शोधकर्ता चालक दल के स्वास्थ्य की निगरानी, ग्रहों की सतह पर संचालन, सूक्ष्मजीव संग्रह और उन्नत चिकित्सा तकनीकों पर अध्ययन कर रहे हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अग्निशोध अनुसंधान प्रकोष्ठ : IIT मद्रास

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **5 अगस्त, 2025 को रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को मज़बूत करने की दिशा में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास में भारतीय सेना अनुसंधान प्रकोष्ठ (IARC) 'अग्निशोध' का उद्घाटन किया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **उद्देश्य : शैक्षणिक अनुसंधान को वास्तविक समय के परिचालन अनुप्रयोगों के साथ एकीकृत करना है, जिससे परिवर्तन के पाँच स्तंभों के अंतर्गत सेना के आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी समावेशन के लक्ष्यों को बल मिल सकेगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- नया अनुसंधान केंद्र IIT मद्रास रिसर्च पार्क और उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी विकास केंद्र (AMTDS) तथा प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन जैसी संस्थाओं के साथ मिलकर प्रयोगशाला-स्तरीय नवाचारों को तैनाती योग्य तकनीकों में बदलने पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- यह एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सुरक्षा, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस संचार और मानवरहित हवाई प्रणालियों जैसे उभरते क्षेत्रों में सैन्य कर्मियों के कौशल विकास में भी सहयोग करेगा।
- सेना प्रमुख ने राष्ट्र के प्रति उनकी निरंतर सेवा के लिए चार प्रतिष्ठित पूर्व सैनिकों को वेटरन अचीवर्स पुरस्कार से सम्मानित किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## पैन अमेरिकन हॉकी कप, 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **अर्जेंटीना ने उरुग्वे के मोंटेवीडियो में आयोजित पैन अमेरिकन कप, 2025 में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

- **पुरुषों के फ़ाइनल में, अर्जेंटीना ने अमेरिका को हराकर लगातार चौथा और कुल पाँचवाँ पैन अमेरिकन कप ख़िताब जीता।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- फ़ाइनल में चार गोल करने वाले टॉमस डोमेने को प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट चुना गया।
- महिलाओं की ओर से, अर्जेंटीना ने अमेरिका को हराकर लगातार सातवाँ ख़िताब जीता।
- अमेरिका ने दोनों वर्गों में रजत पदक जीता, जबकि कनाडा के पुरुषों और उरुग्वे की महिलाओं ने कांस्य पदक हासिल किया। इन परिणामों के साथ, अर्जेंटीना के पुरुषों और अमेरिका की महिलाओं ने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले वर्ष 2026 FIH हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## हिरोशिमा दिवस

➲ **चर्चा में क्यों?**

- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा जापान के हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराए जाने की स्मृति में प्रति वर्ष 6 अगस्त को हिरोशिमा दिवस मनाया जाता है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ➲ मुख्य बिंदु :

- 6 अगस्त, 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने हिरोशिमा पर B-29 बमवर्षक एनोला गे का उपयोग करके "लिटिल बॉय" नामक परमाणु बम गिराया था।
- यह परमाणु बम का किसी राष्ट्र के विरुद्ध विश्व स्तर पर प्रथम प्रयोग था।
- इसमें लगभग 70,000-80,000 लोग तुरंत मर गए और बाद में कई लोगों की चोट और विकिरण से मृत्यु हो गई।
- 9 अगस्त, 1945 को अमेरिका ने नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम "फैट मैन" गिराया, जिसके कारण 15 अगस्त, 1945 को जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया और द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो गया।
- यह दिन युद्ध-विरोधी और परमाणु-विरोधी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों में प्राथमिकता बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **विश्व का पहला इलेक्ट्रिक कार्गो विमान**<br><br><br>♦ हाल ही में, चीन ने विश्व के पहले वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग कार्गो एयरक्राफ्ट को लॉन्च किया है।<br>♦ इसका नाम V2000 CG कैरीऑल है। यह पूरी तरह इलेक्ट्रिक है और हेलीकॉप्टर की तरह वर्टिकल टेकऑफ के साथ-साथ फिक्सड-विंग प्लेन की तरह लंबी दूरी तय कर सकता है।<br>♦ यह एक बार चार्ज करने पर 200 किलोमीटर की दूरी तय कर सकता है और स्पीड 200 किमी प्रति घंटा है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**

## विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र



- तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में स्थित कान्हा शांति वनम आत्मिक शांति का वैश्विक केंद्र बन चुका है।
- यह 160 देशों में सक्रिय 5000 ध्यान केंद्रों का मुख्यालय है। यहाँ बना ध्यान हॉल विश्व का सबसे बड़ा माना जाता है, जिसमें एक लाख लोग एक साथ ध्यान कर सकते हैं।
- पद्म विभूषण कमलेश डी पटेल 'दाजी' और प्रशिक्षित स्वयंसेवक 15 वर्ष से ऊपर के लोगों को निःशुल्क ध्यान सिखाते हैं।

**3.**

## देश की पहली लड़कियों की फीफा टैलेंट अकादमी



| | |
|---|---|
| | ♦ अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) और फीफा ने हैदराबाद, तेलंगाना में देश की पहली लड़कियों की फीफा टैलेंट अकादमी शुरू की। इससे महिला फुटबॉल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा।<br>♦ तेलंगाना स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव, हैदराबाद में इस अकादमी के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>♦ यह अकादमी FIFA की टैलेंट डेवलपमेंट स्कीम (TDS) का हिस्सा है।<br>♦ हैदराबाद के गाचीबौली स्टेडियम परिसर में स्थित यह अकादमी प्रति वर्ष 30 लड़कों और 30 लड़कियों को आवासीय सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, चिकित्सा देखभाल, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएँ प्रदान करेगी। |
| **4.** | **अंडरवॉटर वाइब्रेशन सेंसर**<br><br><br>♦ IIT गुवाहाटी और ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के शोधकर्ताओं ने स्वचालित, संपर्क रहित आवाज़ पहचान के लिए एक अंडरवॉटर वाइब्रेशन सेंसर का निर्माण किया हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ यह नवोन्मेषी सेंसर साँस छोड़ते हुए उत्पन्न होने वाली सूक्ष्म जल तरंगों का पता लगाता है और उन्हें डीप लर्निंग मॉडल द्वारा व्याख्या योग्य विद्युत संकेतों में परिवर्तित करता है।<br>♦ यह तकनीक बोलने में असमर्थ लोगों के लिए उपयोगी होगी, तथा व्यायाम ट्रैकिंग और अंडरवाटर सेंसिंग में इसके संभावित अनुप्रयोग हैं। |
| 5. | **वेदिका भंसाली**<br><br><br>♦ भारत की वेदिका भंसाली पाइनहर्स्ट विलेज में US किड्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप गोल्फ में चैंपियन बन गई।<br>♦ लड़कियों की 9 साल की श्रेणी में खेलते हुए, वेदिका ने कुल 10 अंडर का स्कोर किया और जापान की एमी मिनामी को एक शॉट और अमेरिकी ऑड्रे झांग को दो शॉट से हराया।<br>♦ बेंगलुरु गोल्फर आइदा थिमैया (75-68-66) लड़कियों की 11 श्रेणी में तीसरे स्थान पर रहीं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR